राष्ट्र के विकास में साहू समाज... पृष्ठ 2 | प्रेम और वात्सल्य की प्रतीक... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

सोमवार, 07 अक्टूबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 353, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए





।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**


उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

मो: 98274-61508, 83192-88559


# रात्रि में नीचे मां बम्लेश्वरी मंदिर का नजारा...




(ड्रोन फोटो नागेश वर्मा) कॉन्टेक्ट (जमीद भोयर )

# मां बम्लेश्वरी मंदिर में भीड़ के बीच महिला श्रद्धालु की मौत

## हर दिन लाखों दर्शनार्थी पहुंच रहे मां के दरबार



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** रायपुर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था- 'हम मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म कर देंगे।' इसके 41 दिन बाद 4 सितंबर को दंतेवाड़ा-नारायणपुर बॉर्डर पर जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया। अब दिल्ली में सोमवार को बड़ी बैठक होने जा रही है। सीएम विष्णुदेव साय दिल्ली पहुंचे हैं। बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों को भी बुलाया गया है। दिल्ली रवाना होने से पहले ष्टरू साय ने कहा-9 महीने में बड़ी कार्रवाई नक्सलियों पर की गई है। उन्होंने कहा कि, अब तक 191 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। ये बदलाव का संकेत है। बस्तर के युवा फोर्स में शामिल होकर माओवादी को खदेड़ रहे हैं। अमित शाह के सामने ष्टरू साय प्रदेश में चल रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन की जानकारी रखेंगे। नक्सलियों के खिलाफगृह मंत्रालय राज्यों के साथ बड़ा प्लान तैयार कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक, जिस तरह से जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग रोकी गई, वैसे ही नक्सलियों को रोकने के लिए बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। केंद्र सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में साल 2010 के मुकाबले 2023 में नक्सल हिंसा में 72त्न और मृत्यु में 86त्न कमी आई है। इस साल देश में 202 नक्सली मारे गए हैं। 2024 के शुरूआती 9 महीनों में 723 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इसके साथ ही वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या 38 रह गई है। प्रदेश में हुए एनकाउंटर के बाद देर रात ही सीएम हाउस में एक हाई प्रोफाइल बैठक बुलाई गई थी। इसमें ष्ठत्रक्क और नक्सल ऑपरेशन चीफ को सीएम ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में माओवादी आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में कोई ढिलाई ना बरती जाए। साथ ही नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में जवानों के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था में कमी ना हो। अफसरों ने मुख्यमंत्री को बताया कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के सफाया के लिए एंटी नक्सल अभियान लगातार जारी रहेगा। सीएम ने 4 अक्टूबर को बीजापुर का दौरा भी किया था। उन्होंने कहा था- आज बीजापुर में मैंने पुलिस जवानों और माओवादी आतंकवाद प्रभावित लोगों से मुलाकात की। उन सभी को अब यह विश्वास हो गया है कि इस हिंसा का अंत होने वाला है। बस्तर आज विकास और शांति की ओर तेजी से अग्रसर है। सरकार के कार्यों से बस्तर की जनता में नई आस जगी है। जनता में विश्वास बढ़ा है कि जल्द ही छत्तीसगढ़ माओवादी आतंकवाद से मुक्त होगा।

# 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म कर देंगे: शाह



**रायपुर।** रायपुर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था- 'हम मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद खत्म कर देंगे।' इसके 41 दिन बाद 4 सितंबर को दंतेवाड़ा-नारायणपुर बॉर्डर पर जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया। अब दिल्ली में सोमवार को बड़ी बैठक होने जा रही है। सीएम विष्णुदेव साय दिल्ली पहुंचे हैं। बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों को भी बुलाया गया है। दिल्ली रवाना होने से पहले ष्टरू साय ने कहा-9 महीने में बड़ी कार्रवाई नक्सलियों पर की गई है। उन्होंने कहा कि, अब तक 191 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। ये बदलाव का संकेत है। बस्तर के युवा फोर्स में शामिल होकर माओवादी को खदेड़ रहे हैं। अमित शाह के सामने ष्टरू साय प्रदेश में चल रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन की जानकारी रखेंगे। नक्सलियों के खिलाफ गृह मंत्रालय राज्यों के साथ बड़ा प्लान तैयार कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक, जिस तरह से जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग रोकी गई, वैसे ही नक्सलियों को रोकने के लिए बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। केंद्र सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में साल 2010 के मुकाबले 2023 में नक्सल हिंसा में 72त्न और मृत्यु में 86त्न कमी आई है। इस साल देश में 202 नक्सली मारे गए हैं। 2024 के शुरूआती 9 महीनों में 723 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। इसके साथ ही वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या 38 रह गई है। प्रदेश में हुए एनकाउंटर के बाद देर रात ही सीएम हाउस में एक हाई प्रोफाइल बैठक बुलाई गई थी। इसमें ष्ठत्रक्क और नक्सल ऑपरेशन चीफ को सीएम ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में माओवादी आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में कोई ढिलाई ना बरती जाए। साथ ही नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में जवानों के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था में कमी ना हो। अफसरों ने मुख्यमंत्री को बताया कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के सफाया के लिए एंटी नक्सल अभियान लगातार जारी रहेगा। सीएम ने 4 अक्टूबर को बीजापुर का दौरा भी किया था। उन्होंने कहा था- आज बीजापुर में मैंने पुलिस जवानों और माओवादी आतंकवाद प्रभावित लोगों से मुलाकात की। उन सभी को अब यह विश्वास हो गया है कि इस हिंसा का अंत होने वाला है। बस्तर आज विकास और शांति की ओर तेजी से अग्रसर है।

# संस्कारधानी गरबा उत्सव में आज मानस काम्बले का धमाकेदार लाइव प्रदर्शन






**राजनांदगांव।** संस्कारधानी गरबा उत्सव 2024 के अंतर्गत आज 7 अक्टूबर को शिवनाथ वाटिका में इंडियन आइडल फेम मानस काम्बले की शानदार लाइव प्रस्तुति होगी। यह आयोजन संस्कारधानी गरबा उत्सव समिति द्वारा आयोजित किया गया है, जिसमें मानस काम्बले अपने बेहतरीन गायन से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इस उत्सव में उनके गीतों की मधुर धुनों पर झूमने के लिए भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। मानस काम्बले की खासियत उनके माता रानी के भक्ति गीत हैं, जो श्रोताओं को एक अलग ही संगीतमय अनुभव में ले जाती है। 7 अक्टूबर 2024 की इस विशेष शाम के लिए गरबा समिति ने तैयारियां कर ली हैं और आयोजन स्थल पर विशेष रूप से सजावट की गई है। काम्बले के साथ इस शाम का हिस्सा बनने के लिए शहर के गरबा प्रेमी बेहद उत्साहित हैं। पूरे आयोजन के दौरान गरबा संगीत और नृत्य का अद्भुत समां बंधेगा।

# चंदा देवी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का नया भवन बनकर तैयार डॉ. रमन सिंह आज करेंगे शुभारंभ



**रायपुर।** जिले सहित प्रदेशवासियों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्रेष्ठ से श्रेष्ठतम सेवा उपलब्ध कराने के प्रति कृतसंकल्पित तिवारी परिवार द्वारा अब बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में अत्याधुनिक मशीनों, ऑपरेशन थियेटर सहित 180 बिस्तरों वाला सुसज्जित चिकित्सालय का निर्माण किया गया, जिसका 7 अक्टूबर को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री एवं बलौदाबाजार विधायक टकराव वर्मा सहित विशिष्ट अतिथि शुभारंभ करने जा रहे हैं। इसकी सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। चंदा देवी अस्पताल 2001 से स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहा है। बलौदाबाजार के पूर्व विधायक स्व. बंशराज तिवारी द्वारा अपनी स्व. पत्नी के नाम 2001 में स्थापित चंदा देवी अस्पताल लगातार क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा देता आ रहा है और अब इसमें विस्तार करते हुए जिले सहित प्रदेशवासियों को 180 बिस्तर से युक्त एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण सेवा देने जा रहा है। डॉ. प्रमोद तिवारी, क्षेत्र के प्रसिद्ध शल्य चिकित्सक, अपने माता-पिता की आज्ञा को शिरोधार्य कर चंदा देवी अस्पताल का संचालन 2001 से एक छोटे से कमरे में कर रहे थे। वही अब इसे आगे बढ़ाते हुए उनके पुत्र और पुत्रवधू डॉ. नितिन एवं डॉ. गीतिका शंकर तिवारी ने आगे बढ़ाया और राष्ट्रीय स्तर की स्वास्थ्य सेवा का लाभ क्षेत्र सहित राज्यवासियों को देने जा रहे हैं, जो 7 अक्टूबर से मिलने लगेगा। इस संबंध में चंदा देवी अस्पताल के संचालक डॉ. नितिन तिवारी, लेप्रोस्कोपिक सर्जन, ने बताया कि हमारे बाबूजी स्व. बंशराज जी तिवारी के सपनों को साकार करने के लिए लगातार प्रयास किया जाता रहा है और अब हम इसमें एक कदम और बढ़ाते हुए स्वास्थ्य सेवा का विस्तार कर रहे हैं। 2001 में बजरंग चौक में एक छोटे से कमरे से पूज्य पिताजी डॉ. प्रमोद तिवारी ने इसकी शुरुआत की थी और लोगों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे हैं। वही अब हम इसे चिकित्सा सेवा में विस्तार करते हुए श्रेष्ठ से श्रेष्ठतम चिकित्सा सेवा हेतु तत्पर हैं, जिसका शुभारंभ 7 अक्टूबर, सोमवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह सहित अतिथियों द्वारा किया जाएगा। चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल अब अपने नए स्वरूप में अत्याधुनिक मशीनों, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता के साथ सर्व सुविधायुक्त 180 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं कार्डियक सेंटर के नए परिसर में हृदय रोग कैथ लेब, एंजियोप्लास्टी, एंजियोग्राफी, मस्तिष्क रोग, कैंसर कीमोथेरेपी जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज, हेपा फिल्टर युक्त मॉड्यूलर आईसीयू, एनआईसीयू, ऑपरेशन थियेटर, डायलिसिस, आईवीएफ एमआरआई जैसी सुविधाएं सरलता से उपलब्ध होंगी। साथ ही, मरीजों को शासन द्वारा एवं विभिन्न बीमा कंपनियों द्वारा दी जाने वाली चिकित्सकीय लाभ प्रदान किए जाएंगे। डॉ. नितिन तिवारी ने आगे कहा कि 24 घंटे की निरंतर श्रेष्ठतम स्वास्थ्य सेवा के संकल्पों के साथ हम और हमारा स्वास्थ्य परिवार हमारे नगर, जिले, के साथ सम्पूर्ण क्षेत्र और राज्यवासियों को सेवा देंगे और हमारे बाबूजी स्व. पंडित बंशराज जी तिवारी के सपनों को साकार करते हुए आगे बढ़ाएंगे।

# राष्ट्र के विकास में साहू समाज का बहुत बड़ा योगदान - कलेक्टर

## शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने जिला साहू संघ के अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रयास को जमकर सराहा

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शनिवार को शहर के साहू सदन में आयोजित निशुल्क रोजगार मेला को बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला है। इस अवसर पर खास तौर से उपस्थित जिलाधीश संजय अग्रवाल ने साहू समाज की संगठनात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों का जिक्र करते हुए राष्ट्र के विकास में समाज के योगदान की जमकर प्रशंसा की। यहां साहू समाज 1936 से संगठित हुआ है। तब से विविध रचनात्मक कार्यक्रम करते आ रहा है और यह समाज को मजबूती प्रदान करने के साथ होता रहा है। ना सिर्फ राजनांदगांव जिले में अपितु सभी तरफ राष्ट्र के विकास में समाज की भूमिका उल्लेखनीय रही है। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के समय से लेकर अब तक के योगदान का जिक्र किया। साहू सदन में जिला संघ के अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित निशुल्क रोजगार मेला को ना सिर्फ साहू समाज बल्कि सभी समाज के योग्यता रखने वाले बेरोजगारों को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए प्रशंसा की। इस रोजगार मेले में 1233 से अधिक बेरोजगारों का इस जिले सहित दूसरे क्षेत्रों से आना तथा बड़ी संख्या में देश-विदेश से 70 कंपनियों की भागीदारी मायने रखती है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि कंपनियों ने रोजगार के लिए जो शिक्षा मापदंड निर्धारित की है और जो इस मापदंड में खरे उतरे हैं। उनकी शॉर्ट लिस्ट तैयार पर उन्होंने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में अन्य समाजों को भी इस तरह के आयोजन करने चाहिए। वहीं जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ सहित समाज के विभिन्न प्रकोष्ठों द्वारा समय-समय पर रचनात्मक आयोजन किए जाते रहे हैं। कुछ दिनों पहले समाज की ओर



से कृषि को बढ़ावा देने के लिए भी यादगार आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में प्रगतिशील की कृषक एवं वैज्ञानिक अपना बहुमूल्य समय दिया था। आज के इस निशुल्क रोजगार मेले में रोजगार प्राप्त करने के 1233 इच्छुक लोगों का पंजीयन किया जा चुका है।इनमे से 285 युवक युवतियों को नि कलेक्टर के हाथो तत्काल नियुक्ति पत्र दिया गया। साथ ही इस मेले में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 31 कंपनियों ने अवलोकन किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस मेले से बड़ी संख्या में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध हो जाएगा जिससे कई परिवारों का जीवन स्तर ऊंचा उठ सकेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला सलाहकार परदेशी राम साहू एवं संगठन सचिव लविंद्र साव ने किया। सनइस अवसर पर जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू, महामंत्री नीलमणि साहू, संरक्षक डॉ. नीरेन्द्र साहू, कमल किशोर साहू, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू, नीरा साहू, संगठन सचिव चंदन साहू, तहसील अध्यक्ष अंजू साहू, तुलदास साहू, नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक यशवंत साहू, सचिव मिलनसाहू, संगठन सचिव माधव साहू, संभागीय सचिव रूपेश साहू, पूर्व जिला संयोजक जयंत साहू, प्रदेश सह संयोजक परदेशी राम साहू ,जिला सह संयोजक छन्नू लाल साहू, नरेन्द्र साहू,तिजेंद्र साहू, दुर्ग जिला संयोजक अजय चौधरी,सह संयोजक शत्रुहन साहू, अनिल साहू, लोकेश साहू, हेमन्त साहू, महेन्द्र साहू, मिलाप साहू,लविंद्र साव, डॉ. चेतन साहू , डॉ. प्रदीप साहू, भरत देवांगन , गिरिश सोनी, राहुल गुप्ता ,जितेंद्र हिरवानी, हेमनाथ साहू, भोज गंजीर, रामचंद साहू, भीखू साहू, बीरेंद्र पटवारी, कुंज बिहारी ,विष्णु साहू, मनोज साहू, हूमन साहू, मदन साहू, तुका साहू ,जगमोहन साहू, भगवती साहू,मोरेश्वर साहू, ह्रदय हिरवानी, खिलेश्वरी,मुनेश्वरी, केशरी,शीतल, इन्दू पूनम साहू ,निवेदन साहू, योगेश होमने,चुन्नी साहू,योगेश्वरी साहू, अमन धावड़े,शुभम बंसोड़ ,वेनिका साहू, भारती पटेल,ममता साहू, सुधा साहू, संदीप रामटेके,करणभालाधरे , धनवीर, दीपक साहू,यादराम आदि उपस्थित थे ।

## माँ भानेश्वरी की कृपा अंचल पर बनी रहे : सांसद संतोष पांडे

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के सुरगी में स्थापित माँ भानेश्वरी शक्तिपीठ की महिमा अपरंपार है। नवरात्रि के अवसर पर मां भानेश्वरी शक्तिपीठ में भक्तों का ताता लगा रहता है । मां भानेश्वरी की कृपा से क्षेत्र में सुख समृद्धि कायम रहती है। नवरात्रि के चतुर्थी के अवसर पर राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पांडे कार्यकर्ताओं के साथ मां भानेश्वरी शक्तिपीठ में दर्शन के लिए पहुंचे । सांसद संतोष पांडे ने मां भानेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना करने के साथ अंचल के सभी नागरिकों के लिए सुख समृद्धि की प्रार्थना की और उन्होंने मां भानेश्वरी से संसदीय क्षेत्र में धन-धान्य की प्रचुरता के लिए भी प्रार्थना की। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडे के साथ भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता लीलाधर साहू ,रोहित चंद्राकर ,मनोज साहू, कृष्णा तिवारी ,आलोक श्रोती, शशिकांत साहू सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।



## सांसद संतोष पांडे ने श्रीमद देवी भागवत ज्ञान यज्ञ में उपस्थिति दी व वंदन किया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सांसद संतोष पांडे अपने संसदीय क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर विभिन्न गांव में लोगों से मिलते



हैं, कार्यकर्ताओं का कुशलक्षेम पूछते हैं और विभिन्न धार्मिक आयोजनों में अपनी उपस्थिति देकर स्वयं को धन्य समझते हैं। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुरगी में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ में उन्होंने अपनी उपस्थिति दी और व्यास पीठ में विराजमान प्रवचनकर्ता श्री योगेश्वर महाराज जी को पुष्पमाला अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। सांसद संतोष पांडे ने श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ सुरगी के मंच पर बैठकर अपनी वाणी से भगवान की स्तुति में वंदन भी किया इस दौरान श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ स्थल में प्रभावशाली संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। ग्राम सुरगी में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ स्थल पर सांसद संतोष पांडे के साथ रोहित चंद्राकर , लीलाधर साहू, आलोक श्रोती, गुरचरण सिन्हा, सुकृत दास साहू मनोज साहू एवं अन्य ग्राम मासी उपस्थित थे।

# गंज लाईन में बनेगा भव्य अहिंसा प्रवेश द्वार

## जैन मुनियों के सानिध्य व जैन समाज की उपस्थिति में महापौर ने किया भूमिपूजन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम द्वारा शहर के चौक चौराहों का सौदर्यीकरण किया जा रहा है, इसी कडी में गंज लाईन में भव्य अहिंसा प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाना है। प्रवेश द्वार निर्माण के लिये आज समाज द्वारा आयोजित गरिमामय आयोजन में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में जैन मुनियों सर्वश्री आगम सागर जी महाराज, पूनित सागर जी महाराज एवं धैर्य सागर जी महाराज के सानिध्य में मंत्रोंच्चारण के साथ पूजा अर्चनाकर भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर छ.ग. बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष श्री खूबचंद पारख, दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष श्री अशोक झाझरी, सकल जैन संघ के अध्यक्ष श्री मनोज बैद, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सर्वश्री मधुकर वंजारी, संतोष पिल्ले, गणेश पवार व अमीन हुद्दा, वरिष्ठ पार्षद श्री कुलबीर छाबड़ा, पार्षद श्री राजेश जैन रानू,समाज के सचिव श्री रविकांत जैन, पूर्व अध्यक्ष पी.सी. जैन के अलावा समाज के वरिष्ठ श्री डी.सी. जैन, श्री पदम कोठारी, श्री सूर्यकांत जैन प्रमुख रूप से उपस्थित थे। भूमिपूजन के पूर्व अतिथियों का समाज के लोगों ने मोती की माला एवं जैन गमछा पहनाकर स्वागत किया।

गरिमामय आयोजन में अपने आर्शीवचन में आगाम सागर जी महाराज ने कहा कि 2012 में विद्या सागर जी महाराज के साथ दिगंबर जैन मंदिर आने का अवसर मिला, उस समय मंदिर के सामने चौडी सडक एवं चौक देखकर महाराज जी ने प्रवेश द्वार बनाने की मंशा जाहिर की थी, जो आज पूर्ण होने जा रहा है। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि समाज के लोगों के द्वारा गंज चौक का नामकरण एवं प्रवेश द्वार निर्माण की मांग बहुत दिनों से किया जा रहा था। मांग पूर्ण करने प्रक्रिया भी की जा रही थी, किन्तु परिस्थितिवश नही हो पाया था, लेकिन अब सबकी सहमति से नामकरण हुआ और अब महापौर निधि से 10 लाख रूपये की लागत से प्रवेश द्वार का निर्माण करने भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर आज मुनियों के सानिध्य में भूमिपूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मै समाज का धन्यवाद देती हूँ कि इस अच्छे काम के लिये मुझे माध्यम बनाया हमारा पूरा निगम परिवार भाग्यशाली है कि यह काम करने का अवसर मिला। श्री खूबचंद पारख जी ने अपने संबोधन में कहा कि लंबे समय से प्रवेश द्वार निर्माण की मांग की जा रही थी, जो अब पूर्ण होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैने सभी भाजपा



के पार्षदों से कहा था कि इस पवित्र कार्य के लिये सदन में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पास करना है, ताकि भव्य रूप से अहिंसा प्रवेश द्वार का निर्माण हो सके।

नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु ने भी समाज के लोगों को प्रवेश द्वार के लिये बधाई देते हुये कहा कि हमारा सौभाग्य कि हमे अहिंसा प्रवेश द्वार निर्माण तथा मार्ग का नामकरण आर्चाय श्री विद्या सागर जी महाराज के नाम से करने का अवसर मिला। पार्षद श्री रानू जैन ने अपने पार्षद निधि से प्रवेश द्वार निर्माण के लिये 1.50 लाख रूपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया, कार्यक्रम का संचालन समाज के श्री सूर्यकांत जैन ने किया। इस अवसर पर समाज के लोग एवं वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# लायंस गरबा उत्सव में रंगीन छाते में नोटों के लटके झालर वाले नृत्य ने लोगों की जमकर वाहवाही लूटी

### पंजाबी थीम का जमकर बिखरा जलवा, रोजाना बेस्ट परफॉर्मस पर बांटे जा रहे बंपर इनाम, लायंस गरबा में लोगों की उमड़ रही भीड़

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नवरात्रि के मौके पर लायंस इंटरनेशनल द्वारा स्थानीय गायत्री विद्यापीठ मैदान में आयोजित किए जा रहे गरबा उत्सव में जमकर रंग बिखर रहा है। लायंस गरबा उत्सव रंग बिरंगे परिधानों में सज- धज कर आ रहे लोगों से रास गरबा नृत्य का चारो ओर रंग बिखर रहा है। लाइव म्यूजिक की मधुर स्वर लहरियों के बीच चहुं ओर उल्लास उमंग बिखरा नजर आ रहा है। लायंस गरबा उत्सव के तीसरे दिन मातारानी की ज्योत जलाकर पूजा अर्चना पद्म श्री ला. डा.पुखराज बाफ्ना एवं ला.राजकुमार शर्मा सपत्नीक ला. शोभा शर्मा द्वारा की गई। आरती- पूजा के उपरांत धूमधाम के साथ आरंभ हुए गरबा उत्सव में गरबा नृत्य करने वालों की आकर्षक वेशभूषा व नृत्य का एक - एक स्टेप लोगों का मन मोह ले ले रहा था। इन नृत्य करने वालों में एक परी सी लड़की का रंगीन छाते में लटके नोटों का झालर को घुमाते हुए नृत्य करना लोगों को काफी आकर्षित किया। इसी तरह लायंस गरबा उत्सव का आकर्षक साज सज्जा युक्त पंडाल व हौले- हौले लाइव म्यूजिक की धुनें लोगों को मातारानी की शान में गरबा नृत्य करने बाध्य कर दे रही थी। गायत्री स्कूल के विशाल



ग्राउंड पर लोगों की ? उमड़ती भीड़ व दोनो महिला एंकरों की गूंजती आवाज लोगों को सम्मोहित किए ? दे रही है । इस दौरान लायन अध्यक्ष तरनदीप अरोरा ,क्करूछ्ख्ब्लायन ब्रृजकिशोर सुरजन,लायन राजा माखीजा,लायन शारदा तिवारी,लायन अशोक पवार,लायन गिरीश रूछ्ख्ब्ला.राजकुमार शर्मा- मनोज गुप्ता और क्लब के सदस्यों की उपस्थिति गरबा आयोजन में चार चांद लगा रहा था।इस अद्वितीय गरबा उत्सव आयोजन में मराठी वेशभूषा में गरबा नृत्य में थिरकते पांव और,गायत्री स्कूल के बच्चों और टीचर्स का रास गरबा हर किसी ?को आनंद से भर दे रहा था। लायंस लेडी शारदा तिवारी ने बताया कि हर साल की तरह ?इस साल भी लायंस गरबा ।उत्सव में भारतीय मर्यादा और पर्व की गरिमा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मातारानी की शान में खेले जा रहे गरबा नृत्य में उत्सवी आनंद के साथड्डसाथ लोगों को आध्यात्मिक अनुभूति हो रही है। इससे चारों ओर आनंद ही आनंद बिखरा हुआ है। उन्होंने बताया कि 6 अक्टूबर गरबा उत्सव की थीम पंजाबी रही।

इसमें भाड़ लेने वाले प्रतिभागियों में बेस्ट गरबा में मुकेश शर्मा व दीपिका दवे,बेस्ट गर्ल- हर्षिता वाडेकर व व्याय में हेमकांत साहू ,बेस्ट ड्रेस अप में सागर वडेरा व स्वीटी शर्मा रही। लायंस गरबा के शानदार परफॉर्मेंस में खंडेलवाल ननंद- भाभी ग्रूप व बेहतरीन परफॉर्मेंस में खुशबू मिश्रा रही व लवली परफार्मेंस में गीतांजलि सोनी ने लोगों का दिल जीता। इसी तरह बेस्ट ड्रेस अप किडस में एम एस आहना, और स्पेशल किड्स में धनाश्री शर्मा, गुरुसिंग कौर व काव्या साहू रही। सभी श्रेष्ठ प्रदर्शन कारी प्रतिभागियों को लायंस क्लब की ओर से गिफ्ट हेंपर प्रदान कर उनका हौसला आफ्जाई किया गया। इस अवसर पर पुरस्कृत श्रेष्ठ प्रतिभागियों को आगत अतिथियों व लायंस पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## हरीयाली बहिनी के तहत ग्राम मारूटोला एवं मंडलाटोला में किया गया आम रोपण

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** 22 पेड जिंदगी के नाम कार्यक्रम हरीयाली बहिनी के तहत ग्राम मारूटोला एवं मंडलाटोला में किया गया इस दौरान हरियाली बहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन, सरपंच रोहित वर्मा, सुनिता वर्मा, कस्तूरी धनकर, विनोद साहू, राजेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे 22 पेड जिंदगी के नाम के तहत किसानों ने अपने घर बाड़ी में केशर आम का रोपण किया गया। शिवकुमार देवांगन ने बताया की केशर आम 4 वर्ष में फल देने लगता है, काफी स्वादिष्ट एवं टीकाऊ होने के कारण रेट अधिक होता है गांव में सभी के यहां फलदार पौधे लगायें उसके लिए सभी को एकजुट होना चाहिए जिससे गांव का नाम केशर आम से पहचान बन सके बहुत कम दरों पर गांव में आम पौधा उपलब्ध कराई जा रही है। हरियाली बहिनी के अलावा आपके वि.ख. के विनोद साहू, राजेश वर्मा, कस्तूरी धनकर लगीं हुई हैं उन्होंने ने आगे कहा अपने गांव के अलावा आस-पास गांव में भी प्रचार प्रसार करे ताकि उन्हें भी लाभ मिल सके।



### सप्ताह के सितारे (07 अक्टुबर 2024)

## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 3- 5 - 8 - 0 | 80-08-30-03-50-05 |
| मंगल | 1- 2 - 4 - 6 | 14-41-16-61-46-64 |
| बुध | 3 - 4 - 7 - 0 | 47-74-40-04-30-03 |
| गुरू | 1- 3 - 5 - 8 | 13-31-15-51-35-53 |
| शुक्र | 3 - 4 - 8 - 9 | 38-83-39-93-48-84 |
| शनि | 4 - 5 - 7- 8 | 57-75-58-85-48-84 |

अंकों का बादशाह -7 सप्ताह में अचूक 1 - 5 - 7 - 9

सप्ताह का वरदान -6 स्पेशल - 45- 52 -89 -00

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 11 - 15 - 17 - 19 | (6) 61 - 65 - 67- 69 |
| (2) 21 - 25 - 27 - 29 | (7) 71 - 75 - 77 - 79 |
| (3) 31 - 35 - 37 - 39 | (8) 81 - 85 - 87 - 89 |
| (4) 41 - 45 - 47 - 49 | (9) 91 - 95 - 97 - 99 |
| (5) 51 - 55 - 57 - 59 | (10) 01 - 05 - 07 - 09 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 46-85-90-72-72-93 | 05-98-77-68-42 |
| 69-76-12-45-30-14 | 83-84-07-48-04 |
| 08-85-87-40-13-14 | 80-41-46-67-08 |
| 54-82-34-70-57-03 | 79-57-90-00-49 |
| 85-64-47-87-85-97 | 42-13-56-08-47 |

**चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्‌टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।**

संपादक

# नगर निगम सेवा पण्डाल - मॉ बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ पदयात्रियों की अपार भीड़

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर मॉ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ जाने वाले दर्शनार्थियों/पद यात्रियों की सुविधा के लिये महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास नगर निगम द्वारा सेवा पंडाल लगाया गया है। सेवा पंडाल में मॉ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिये डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्री बड़ी संख्या मे पहुॅच सेवा का लाभ ले रहे है। पण्डाल में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदार पदयात्रियों की सेवा कर रहे है। सेवा



पाकर पदयात्री मिल रही सुविधा से खुश होकर सराहना कर रहे है।दूर दराज से मॉ बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिये पहुचने वाले पदयात्री सेवा पण्डाल की व्यवस्था का लाभ लेकर सराहना करते हुये अपनी राय दे रहे है कि शासकीय पण्डाल में 24 घण्टे खाने पीने की व्यवस्था के साथ साथ चिकित्सीय सेवा का भी लाभ मिल रहा है, यह बहुत अच्छा कार्य है, क्योकि निजी सेवा पण्डालों में विभिन्न समाजिक संस्था के लोग सेवा करते है, किन्तु शासकीय कार्यो के साथ साथ 9 दिन अधिकारी कर्मचारी समय निकालकर पदयात्रियों की सेवा करना बहुत बडी बात है। सेवा पण्डाल के संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शारदीय नवरात्रि में मॉ बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन के लिये प्रदेश भर से लाखों की तादात में दर्शनार्थी डोंगरगढ़ जाते है, जिनमें हजारों दर्शनार्थी पद यात्रा करते है, जो आस पास के शहर के अलावा दूर दराज के शहरों से भी आते है। उन्होंने कहा कि पदयात्रियों की सुविधा के लिये महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास नगर निगम द्वार सेवा पंडाल लगाया गया है। सेवा पंडाल में पद यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिये तीन पालियों में अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी है। निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ चिकित्सा सेवा के लिये मेडिकल स्टॉफ की भी ड्यूटी लगी है। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि सेवा पण्डाल में भारी तादात में पदयात्री पहुॅच रहे है, जिनकी 24 घण्टा सेवा की जा रही है। पदयात्रियों के लिये नाश्ता, चाय एवं खाना की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा उनके आराम करने के लिये बिस्तर तथा मोबाईल चार्जर की भी व्यवस्था की गयी है। साथ ही मेडिकल स्टॉफके द्वारा उनकी स्वास्थ्य जॉच के साथ साथ आवश्यक दवा तथा मलहम पट्टी की जा रही है। सेवा पण्डाल में निगम के अधिकारी कर्मचारी के साथ साथ ठेकेदार भी पदयात्रियों की सेवा कर रहे है।



## कार्यालय कलेक्टर, जिला बालोद (छ.ग.)

-:: सार्वजनिक सूचना ::-

क्रमांक/214/कले./भू-अर्जन/भूकनी/2024 बालोद, दिनांक 01.10.2024

**एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण सेतु संभाग दुर्ग द्वारा रेंगाकठेरा से चंदनविरही मार्ग पर तान्दुला नदी पर उच्चस्तरीय निर्माण कार्य के लिये ग्राम रेंगाकठेरा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद के निम्नानुसार भू-धारक की भूमि आवश्यकता होने से कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण सेतु संभाग दुर्ग के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है:-**

| क्रं. | कृषक/भू-धारक का नाम / पिता, पति का नाम | खसरा नंबर | कुल रकबा हे.मे. | क्रय हेतु प्रस्तावित रकबा हे.मे. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1<br>2 | मोहनलाल पिता अनंदराम ग्राम रेंगाकठेरा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद छ.ग. | 42/2<br>42/7 | 0.080<br>0.080 | 0.0242<br>0.0264 |
| | गामा पिता मनराखन ग्राम रेंगाकठेरा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद छ.ग. | 43/5 | 0.090 | 0.0378 |
| 3 | नरेश पिता मनराखन ग्राम रेंगाकठेरा तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद छ.ग. | 43/03 | 0.090 | 0.0328 |
| | योग | 04 | 0.34 | 0.1212 |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर
जिला- बालोद

जी- 02964/3

## ज्ञान मंथन

*1) फलों के मीठे स्वाद का मुख्य कारण क्या?*
*2) अकबर के नवरत्नों में अरब देश का निवासी कौन था?*
*3) राजा राममोहन राय को राजा की उपाधि किसने दी थी?*
*4) पाइरोमीटर को क्या कहा जाता है?*
*5) हाल ही में 25वें लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार 2024 से किसे सम्मानित किया गया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) फ्रक्टोज (2) मुल्ला दो प्याजा (3) अकबर द्वितीय (4) रेडिएशन थर्मामीटर (5) राजश्री बिड़ला

# प्रेम और वात्सल्य की प्रतीक है स्कन्दमाता




**अरविन्द तिवारी**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** या देवी सर्वभू ?तेषु माँ स्कन्दमाता रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।नवरात्रि के पाँचवे दिन आज माँ दुर्गा के पाँचवे स्वरुप स्कन्दमाता की पूजा-आराधना- उपासना की जाती है। स्कन्दमाता की पूजा करने से साधन , ध्यान और उपासना में सफलता प्राप्त होती है। मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी है। स्कन्दमाता सूर्य मंडल की अधिष्ठात्री देवी मानी जाती हैं। इसलिये स्कंदमाता की उपासना करने वाले साधक सदा तेजस्वी और निरोगी रहते हैं। इनकी कृपा से बुद्धि का विकास , ज्ञान का आशीर्वाद और समस्त व्याधियों का अंत हो जाता है। आज के दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित होता है। माना जाता है कि माँ स्कन्दमाता की उपासना से भक्त की समस्त इच्छायें पूर्ण हो जाती हैं। इस मृत्युलोक में ही उसे परम शांति और सुख का अनुभव होने लगता है। उसके लिये मोक्ष का द्वार स्वमेव सुलभ हो जाता है। स्कन्दमाता की उपासना से बालरूप स्कन्द भगवान की उपासना भी स्वयमेव हो जाती है। यह विशेषता केवल इन्हीं को प्राप्त है , अत: साधक को स्कंदमाता की उपासना की ओर विशेष ध्यान देना चाहिये। आज माँ को चम्पा के पुष्प के साथ साथ श्रृंगार में हरे रंग की चूड़ियाँ अर्पित करें। बता दें कालिदास द्वारा रचित रघुवंश महाकाव्यम् और मेघदूत रचनायें स्कन्दमाता की कृपा से ही संभव हुई है।

**स्कन्दमाता नाम क्यों पड़ा ?**

स्कन्दमाता ममता की मूर्ति प्रेम और वात?सल?य की प्रतीक साक्षात दुर्गा का स?वरूप मानी जाती हैं। पार्वती और शिव के पुत्र है स्कन्द(कार्तिकेय) जो प्रसिद्ध देव असुर संग्राम मे सेनापति बने थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार इन्हें कुमार और शक्ति कहा गया है। माता पार्वती ने जब कार्तिकेय को जन्म दिया तब से वह स्कन्दमाता हो गयी। यह भी मान्यता है कि मां दुर्गा ने बाणासुर के वध के लिये अपने तेज से छह मुख वाले सनतकुमार को जन्म दिया , जिनको स्कन्द भी कहते हैं। इन्ही स्कन्द यानि कार्तिकेय की माता होने के कारण ही इन्हे माँ के पाँचवाँ स्वरूप स्कन्दमाता कहा गया है। यह सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी हैं इसलिये इनके चारों ओर सूर्य सदृश अलौकिक तेजोमय मंडल सा दिखाई देता है।

**नि:संतानों को देती हैं संतान**

ऐसी मान्यता है कि जिन लोगों को संतान की चाहत होती है उन्हें सच्चे मन से स्कन्दमाता की आराधना करनी चाहिये। कहते हैं कि उनकी उपासना करने से नि:संतानों को भी शीघ्र ही संतान की प्राप्ति होती है। जिन व्यक्तियों को संतानाभाव हो वे माता की पूजन-अर्चन तथा अत्यंत सरल मंत्र च।।? स्कन्दमात्रै नम:।।ज् का जाप कर लाभ उठा सकते हैं। शेर पर सवार स्कन्द माता का वाहन मयूर भी है। इनकी पूजा केसर युक्त चंदन व सफेद वस्त्र से करते हैं। विभिन्न आभूषणों के अलंकार चढ़ाने से मां प्रसन्न होती हैं और लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। पंचमी तिथि के दिन पूजा करके भगवती दुर्गा को केले का भोग लगाना चाहिये।

**एकाग्रता की देती है सीख**

स्कन्दमाता हमें सिखाती है कि जीवन स्वयं ही अच्छे-बुरे के बीच एक देवासुर संग्राम है व हम स्वयं अपने सेनापति हैं। हमें सैन्य संचालन की शक्ति मिलती रहे इसलिये मां स्कन्दमाता की पूजा-आराधना करनी चाहिये। इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित होना चाहिये जिससे कि ध्यान , चित्त् और वृत्ति एकाग्र हो सके। यह शक्ति परम शांति व सुख का अनुभव कराती है। कहते हैं कि स्कन्दमाता सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी हैं। इस वजह से इनका उपासक अलौकिक तेज और कांतिमय हो जाता है। मन को एकाग्र रखकर और शुद्ध रखकर स्कंदमाता की आराधना करने वाले भक्त को भवसागर पार करने में कठिनाई नहीं आती हैं। विधि विधान से पूजा कर स्कन्दमाता को प्रसन्न करने से शत्रु आपको पराजित नहीं कर पाते हैं। इनकी कृपा से व्यक्ति जीवन ङ्क मरण के चक्र से मुक्त हो जाता है।

**स्कंदमाता की कथा**

प्राचीन कथा के अनुसार तारकासुर नामक राक्षस ने ब्रह्मा जी को प्रसन्न करने के लिये कठोर तपस्या कर रहा था। उस कठोर तप से ब्रह्मा जी प्रसन्न होकर उनके सामने आये। ब्रह्मा जी से वरदान मांगते हुये तारकासुर ने अमर करने के लिये कहा। तब ब्रह्मा जी ने उसे समझाया कि इस धरती पर जिसने भी जन्म लिया है उसे मरना ही है। निराश होकर उसने ब्रह्मा जी कहा कि प्रभु ऐसा कर दें कि भगवान शिव के पुत्र के हाथों ही उसकी मृत्यु हो। तारकासुर की ऐसी धारणा थी कि भगवान शिव कभी विवाह नहीं करेंगे , इसलिये उसकी कभी मृत्यु नहीं होगी। फिर उसने लोगों पर हिंसा करनी शुरू कर दी। तारकासुर के अत्याचारों से परेशान होकर सभी देवता भगवान शिव के पास पहुंचे और तारकासुर से मुक्ति दिलाने की प्रार्थना की। तब शिव ने पार्वती से विवाह किया और कार्तिकेय के पिता बनें। तब माँ पार्वती ने अपने पुत्र भगवान स्कन्द (कार्तिकेय का दूसरा नाम) को युद्ध के लिये प्रशिक्षित करने हेतु स्कन्द माता का रूप लिया और उन्होंने भगवान स्कन्द को युद्ध के लिये प्रशिक्षित किया था। स्कंदमाता से युद्ध प्रशिक्षण लेने के पश्चात् भगवान स्कन्द ने तारकासुर का वध किया।

**स्कंदमाता का स्वरुप**

स्कन्दमाता (चतुर्भुज) चार भुजाओं वाली हैं। ये अपने दो हाथों मे कमल पुष्प धारण की हुई हैं।और अपने तीसरे हाथ मे कुमार स्कन्द (कार्तिकेय) को सहारा देकर बैठायी हैं। इनका चौथा हाँथ भक्तों के कल्याण के लिये है अर्थात वरमुद्रा में है। माँ अपने इस स्वरुप मे पूर्णत: ममतामयी हैं। देवी स्कंदमाता ही पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती हैं।इन्हे शिव की पत्नी होने के कारण मातेश्वरी कहा गया तथा इनके गौर वर्ण के कारण इन्हे देवी गौरी कहा गया है। माँ का वर्ण पूर्णत: शुभ्र है और कमल पर विराजमान रहती हैं इसलिये इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। स्कन्दमाता का वाहन सिंह है। स्कन्दमाता सदैव ही अपने भक्तो के लिये कल्याणकारी हैं। इनकी उपासना से भक्त की समस्त इच्छायें पूर्ण हो जाती है।

## जिमीकंद लगाओ पैसा कमाओ अभियान की शुरूआत ग्राम घासीटोला एवं लमती में की गई

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** जिमीकंद लगाओ पैसा कमाओ अभियान की शुरूआत मोहला वि.ख. के ग्राम घासीटोला एवं लमती में की गई इस दौरान पद्मश्री फूलबासन यादव, अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन, हरियाली बहिनी जनीया साहू, चंद्रकला, जयश्री, तीहारू राम, देवकुमार ग्राम के वरिष्ट एवं महिला स्व सहायता समूह उपस्थित रही । इस दौरान पद्मश्री फूलबासन ने कहा की जिमीकंद बीना लागत एवं देखरेख में हो जाता यह अभियान देश का पहला अभियान है जो जिमीकंद रोपण कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने मुहिम में लगी है। जिमीकंद अनेक गुणों से परिपूर्ण है स्वादिष्ट तो है ही साथ ही स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। पूर्व में भी 32 लाख से अधिक जिमीकंद बीज का रोपण किया गया है जिसका लाभ महिलाओं को हो रहा है उन्होंने महिलाओं से अपील करते हुए कहा की देशी जिमीकंद सभी के पास उपलब्ध है बस उसे बढ़ाने की आवश्यकता है। शिव कुमार देवांगन ने बताया की देशी जिमीकंद बीज रोपण प्रारंभिक तौर पर 200 गांवों में 20 लाख रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है पूर्व में लगाये जिमीकंद से करोड़ो रू तक का लाभ हो रहा है जिमीकंद बीज 2 वर्ष में 1.5 किलो होता है प्रति किलो 30रू मिलता है महिलायें कम से कम 300 बीज लगाने के लिए प्रेरित की जा रही है इससे 13500 तक लाभ 2 वर्षो में होगी अगर 20 लाख जिमीकंद लगाते है तो 2 वर्ष में 9 करोड़ लाभ होगी पूर्व से 14 करोड़ कुल 23 करोड़ 2 वर्ष में लाभ प्राप्त होंगी 99 प्रतिशत जिमीकंद बीज का रोपण सफल होता ही है इसको देखते हुए लगातार महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है । पूर्व में जिमीकंद अभियान के लिए पदयात्रा, सम्मेलन, सम्मान समारोह जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह उपस्थित हुए थे साथ ही सम्मानित लोगों को 1 लाख तक पुरूस्कार वितरण किया गया।



## निधन



**श्रीमती कुमारी बाई ताम्रकार**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी माता श्रीमती कुमारी बाई ताम्रकार निवासी लाल बहादुर नगर पाथरी का रविवार दिनांक 6/10/2024 प्रात: सुबह 11 निधन हो गया है जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम लाल बहादुर नगर मुक्तिधाम में 3:00 बजे किया जाएगा। शोकाकुल परिवार में पुत्र नवरत्न लाल ताम्रकार किशोर ताम्रकार ,अनिल ताम्रकार।

# सदस्यता अभियान के आइकॉन बने शरद सिन्हा

## सदस्यता अभियान को पूर्ण करने में प्रथम रहे शरद सिन्हा



**धीरज तिवारी**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान पहले चरण में चल रहा है । जिला भाजपा सदस्यता अभियान प्रभारी सावन वर्मा एवम रवि सिन्हा ने बताया कि सदस्यता अभियान के पहले चरण में भाजपा कार्यकर्ता तेज गति से नए सदस्य बनाने एवं पुराने सदस्यों का नवीनीकरण कर रहे हैं, साथ ही 15 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान का द्वितीय चरण शुरू होगा जिसमें सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 26 के बूथ क्रमांक 129, 130 एवम 131 में पार्षद एवं दक्षिण मंडल के उपाध्यक्ष शरद सिन्हा ने अपने बूथ में सदस्यता अभियान संपन्न करके सदस्यता अभियान का आइकॉन बनने का पहला लक्ष्य हासिल कर लिया और उन्होंने अपनी रसीद बुक जमा किया। उनकी सक्रियता से प्रभावित होकर जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने उन्हें शुभकामनाएं दी और सभी सदस्यों से अपेक्षा भी की, सभी भाजपा नेता जल्द से जल्द सदस्यता अभियान में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर, रसीद बुक जमा करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, सचिन बघेल,सावन वर्मा, रवि सिन्हा ,राजेश श्यामकर, मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी को शरद सिन्हा ने अपना सदस्यता बुक सोपा।

# शहर के मध्य हो रहे सड़क निर्माण को शीघ्र पूर्ण करवाने को लेकर था धरना प्रदर्शन: दिलेश्वर साहू



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधायक दलेश्वर साहू के निर्देशानुसार डोंगरगांव कांग्रेस ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 5 अक्टूबर शनिवार को स्थानीय फौवारा चौक के सामने मुख्य मार्ग पर किया उक्त धरना प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य शहर के मध्य हो रहे सड़क निर्माण को शीघ्र पूर्ण करवाने को लेकर था विधायक देलश्वर साहू के इस ड्रीम प्रोजेक्ट का काम बीजेपी की सरकार आते ही थम सा गया इस मार्ग को लेकर विधायक द्वारा लगातार अधिकारियों से चर्चा भी होती रही और इसी विषय को लेकर विधानसभा में प्रश्न भी उठाया गया था किंतु लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के चलते ये निर्माण कार्य अपनी निर्धारित अवधि में भी पूरी नही हो सकी है ,इस अधूरे कार्य की वजह से सड़क किनारे रह रहे लोग स्थानीय व्यापारी गण आने जाने वाले लोग धूल और गढ्डों से लगातार परेशान हो रहे थे यहां ध्यान देने की बात ये भी है की इस अधूरे निर्माण की वजह से अनेक लोग दुर्घटना ग्रस्त हो चुके हैं और कई लोगों की इस वजह से मृत्यु भी हो चुकी है ,प्रशासन के इस डुल मूल रवैए से त्रस्त जनता के हित के लिए विधायक श्री साहू के निदेश पर धरना प्रदर्शन आहूत की गई,उक्त धरना प्रदर्शन में विधायक दलेश्वर साहू ने लोकनिर्माण के अधिकारियों को स्पष्ट रूप से समझाइस देते हुए कहा कि अगर आप लोगों ने डीपीआर स्टीमेट से कोई छेड़छाड़ की तो ये बर्दास्त नही किया जाएगा और अब अगर लापरवाही से काम करोगे तो हम इसका कड़ा विरोध कर जवाब देंगे और इसका खामियाजा आप लोगो भुगतना पड़ेगा ,इस धरना प्रदर्शन स्थल से थोड़ी दूर एसडीओ लोकनिर्माण विभाग स्थानीय तहसीलदार थाना प्रभारी इंजीनियर और ठेकेदार मौजूद रहे जिन्हे विधायक श्री साहू ने लिखित में जवाब मांगा की आप 7 दिनों के भीतर धूल मुक्त सड़क करे और शीघ्र सड़क के काम को पूर्ण करे अन्यथा हमारे सभी कांग्रेसी साथी इससे भी बड़ा आंदोलन करेंगे जिसके जिम्मेदार आप होंगे ।

# शिक्षा और खेती दोनों ही जीवन के आधार स्तंभ... मातृशक्ति डॉ. मोतिम वर्मा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मध्य भारत के धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ में पहाड़ियों की चोटी पर विराजमान हैं मां बम्लेश्वरी, जिनका स्वरूप मनमोहक, अलौकिक, कल्याणकारी और शांतिदायक है। विपरीत परिस्थितियों से लड़कर शिक्षा के जरिए खुद को साबित करने वाली डॉ. मोतिम वर्मा मां के इसी स्वरूप को जीवंत कर रही हैं। उन्होंने न सिर्फ खुद को प्रेरित किया है, बल्कि दूसरी महिलाओं को भी आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ा रही हैं। उनका मानना ??है कि थोड़ी सी मदद और सही मार्गदर्शन से सबकुछ संभव हो सकता हैं। बहुमुखी प्रतिभा की धनी डॉ. मोतिम वर्मा एक कुशल गृहिणी, रामचरित मानस की प्रखर वक्ता और महिला कृषि उद्यमी बनकर न सिर्फ अपने गांव बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई हैं।



गौरतलब है कि गांव की ज़्यादातर महिलाएं खेती-किसानी और परिवार की देखभाल में व्यस्त रहती हैं। श्रीमती मोतिम वर्मा ने खुद को सीमाओं से परे ले जाकर अपने नाम के साथ 'डॉक्टर' शब्द जोड़ने का सपना देखा था। उनके पति श्री डुमेंद्र वर्मा ने उनके इस सपने को पंख दिए और हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया। आखिरकार उन्होंने न सिर्फ़ अपनी पीएचडी पूरी की बल्कि इस मुकाम तक पहुँचने वाली गांव की पहली महिला भी बन गईं। रामायण के निरंतर स्वाध्याय ने उन्हें क्षेत्र की प्रतिष्ठित रामकथा वाचक बना दिया हैं। इसी कड़ी में उन्होंने 2015 में ममतामयी महिला मानस परिवार भोथली की नींव रखी। इसका उद्देश्य समाज मे महिला शक्ति को साथ लेकर आध्यात्मिक चेतना का विकास करना है। उनका कहना है कि ज्ञान तभी सार्थक है जब हम उसे अपने कार्यक्षेत्र में लागू करें। उनके नेतृत्व में यह मानस परिवार, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का माध्यम बन गया है। डॉ. मोतिम वर्मा समय का बहुत अच्छा प्रबंधन करती हैं और पढ़ाई छोड़ चुकी महिलाओं की मदद के लिए हमेशा तैयार रहती हैं। डॉ. वर्मा का योगदान सिर्फ शिक्षा तक ही सीमित नहीं है। वह खेती में अपने पति की सहयोग करती हैं। उनके प्रयास बताते हैं कि शिक्षा और खेती दोनों ही जीवन के आधार स्तंभ हो सकते हैं। वह न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं बल्कि अपने क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा भी हैं।

## धर्म समाचार....

# नवरात्र से दिवाली के बीच खरीदारी के शुभ मुहूर्त




खरीदी के शुभ मुहूर्त होने के कारण उम्मीद है कि इन दिनों में बाजार में जोरदार खरीदी होगी। वाहनों की खरीदी में भी लोगों का उत्साह दिखेगा। इसके लिए लोगों ने पहले ही वाहनों की बुकिंग करा ली है। दुकानदारों के द्वारा ग्राहकों के लिए तरह-तरह के ऑफर भी रखे जा रहे हैं। नवरात्र की शुरुआत तीन अक्टूबर से हो गई है। नवरात्र से लेकर दीपावली तक खरीदारी के 10 शुभ मुहूर्त हैं। इससे त्योहारी मौसम में बाजार में रौनक रहने के आसार हैं। सोने-चांदी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, बर्तन और कपड़ा बाजार में जबरदस्त तैयारियां शुरू हो गई हैं। पंडित विपिन कृष्ण भारद्वाज के अनुसार, नवरात्र से दीपावली के बीच धनतेरस खरीदारी करने का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है। धनतेरस के पहले 5 अक्टूबर से लेकर 16 अक्टूबर के बीच खरीदारी करने के 8 शुभ मुहूर्त हैं। साथ ही 24 अक्टूबर को गुरु पुष्य योग है। इसमें खरीदारी करना अत्यंत शुभ माना जाता है। पंडित भारद्वाज ने बताया कि 24 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र है, जिसे अमरेज्य भी कहा जाता है। इस नक्षत्र की गुरुवार को युति खरीददारी के लिए बहुत ही शुभ होती है। पुष्य नक्षत्र शनि प्रधान है, लेकिन इसकी प्रकृति गुरु जैसी होती है। इस दिन स्वर्ण आभूषण, हीरा, देव प्रतिमा, भूमि-भवन, वाहन, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन खरीदना चाहिए। धनतेरस के दिन ही धनवंतरी कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसलिए धनतेरस के दिन पात्र का क्रय किया जाए तो पात्र की क्षमता से तेरह गुना धन और ऐश्वर्य प्राप्त होने के योग बनते हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस दिन चांदी और पीतल के बर्तन खरीदने से मानसिक शांति मिलती है। शरीर भी पुष्ट होता है। इस दिन खरीदी गई वस्तु लंबे समय तक रहती है।

**खरीदारी के अन्य शुभ मुहूर्त**-5 अक्टूबर: सर्वार्थ सिद्धि और सूर्य योग में आभूषण, हीरे, देव प्रतिमाएं, भूमि खरीदें। 6 अक्टूबर: रवि योग में स्वर्ण आभूषण, स्टील के सामान, सजावटी सामान घर लाएं। 8 अक्टूबर: सौभाग्य आयुष्मान और रवि योग में भूमि, घड़ा, फर्निचर, सोना खरीदें। 11 अक्टूबर: सर्वार्थ सिद्धि व रवि योग में किचन के सामान, सजावटी सामान खरीदें। 12 अक्टूबर: विजया दशमी के दिन घड़ा, फर्निचर, हीरा, स्वर्णाभूषण खरीदना शुभ। 7 अक्टूबर: प्रीति, सर्वार्थ सिद्धि व रवि योग में लॉकर, वाहन, फ्रिज, टीवी की खरीदी। 15 अक्टूबर: सर्वार्थ सिद्धि एवं सूर्य योग में आभूषण, हीरे, देव प्रतिमा, भूमि क्रय करें। 16 अक्टूबर: रवि योग में हीरा, स्वर्णाभूषण, ऑफिस के सामान खरीदना शुभ रहेगा।

**धनतेरस पर राशि के अनुसार खरीदारी**-मेष: पति-पत्नी के लिए सोने या चांदी का उपहार। वृषभ: सजावटी वस्तुएं, वाहन, रसोई सामान। मिथुन: देव प्रतिमा, हरे रत्नजड़ित बेसलेट। कर्क: मोती, वस्त्र, आभूषण, मकान या भूखंड। सिंह: लाकर, अलमारी, वाहन, कम्प्यूटर, चांदी के आभूषण। कन्या: गैस चूल्हा, किचन का सामान, पन्ना, रत्न, घर या प्लॉट। तुला: लाइट, सजावटी सामान, पढ़ें, सोने की अंगूठी। वृश्चिक: मंदिर, सजावटी सामान, मूंगा, सोने का हार। धनु: मां के लिए आभूषण, पुखराज, लक्ष्मी यंत्र। मकर: उपयोगी यंत्र, वाहन, सोने या चांदी के आभूषण। कुम्भ: घड़ा, चौड़े मुंह के पात्र, सोने का सिक्का। मीन: मोती, समाधि, वाहन, वस्त्र, घर या भूखंड।

## बाथरूम में पानी से भरी बाल्टी रखकर देखें क्या होता है, बदल जाएगा जीवन

आपने आमतौर पर यह देखा होगा कि लोग अपने बाथरूम में खाली बाल्टी नहीं छोड़ते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करने के पीछे असली वजह क्या है।सनातन हिंदू धर्म में वास्तु शास्त्र का विशेष महत्व है। हमारे जीवन से जुड़ी भौतिक वस्तुओं और गतिविधियों के बारे में वास्तु में उल्लेख मिलता है। इसका पालन करने पर जहां हमें लाभ होता है, वहीं ध्यान न देने पर बुरे परिणाम भी भुगतने पड़ सकते हैं। वास्तु के अनुसार ही स्नानागार में खाली बाल्टी को रखने के लिए मना किया गया है। इसी के चलते बाल्टी में पानी भरकर रखा जाता है। आइये आपको बताते हैं कि इसका क्या कारण है। वास्तु शास्त्र के अनुसार यदि आप अपने घर के बाथरूम में पानी से भरी बाल्टी रख छोड़ते हैं तो आपको इसके अच्छे और शुभ नतीजे ही मिलेंगे। इसीलिए बाल्टी को भरकर ही रखना चाहिये। नवरात्रि में ये 9 भोग लगाने से मां दुर्गा होती हैं प्रसन्न, घर में आएगी नवरात्रि में ये 9 भोग लगाने से मां दुर्गा होती हैं प्रसन्न, घर में आएगी बरकत भरी बाल्टी का सीधा संबंध हमारी आर्थिक स्थिति से है। ऐसा करने से हमारे पास पैसों की आवक शुरू हो जाती है। धन संपदा में भी इजाफा होता है। जिन लोगों की कुंडली में शनि और राहु शुभ स्थिति में नहीं हैं या जिन पर राहु अथवा शनि की महादशा चल रही है, उन लोगों को यह उपाय जरूर करना चाहिये। ऐसा करने से आपको ग्रहों के दुष्प्रभावों से निजात मिलेगी। मनी प्लांट में दूध डालने से क्या होता हैज् वास्तु शास्त्र में बताए गए हैं ये चमत्कारी मनी प्लांट में दूध डालने से क्या होता हैज् वास्तु शास्त्र में बताए गए हैं ये चमत्कारी उपाय बाल्टी को पानी से भरकर रखने से पूरे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। घर से निगेटिव एनर्जी बाहर निकलती है। चूंकि बाथरूम में निगेटिव एनर्जी ज्यादा होती है इसलिए वहां बाल्टी भरकर रखने से सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है।



nandgaon times oct-07-03.qxd 10/6/2024 11:07 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बेडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# मेजबान दुर्ग संभाग बना ओवर ऑल चैम्पियन

## 24वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का हुआ समापन, सांसद संतोष पाण्डेय ने किया प्रतिभागियों को पुरूस्कृत








**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मेजबान दुर्ग संभाग ने स्कूल शिक्षा विभाग छ.ग. शासन द्वारा आयोजित 24वीं राज्य शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल हॉकी, के साथ ही शंतरंज तैराकी,वाटर पोलो व बेशबॉल में पदक जीत कर ओवर ऑल चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया प्रतियोगिता का समापन व पुरूष्कार वितरण आज 6 अक्टूबर को अपरांह में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के मैदान में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री संतोष पाण्डेय के मुख्यआतिथ्य व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू की अध्यक्षता एवं श्री रविन्द्र वैष्णव पूर्व जनपद उपाध्यक्ष छुरिया श्री राजेन्द्र गोलछा श्री लीलाधर साहू, के विशिष्ठ आतिथ्य व आयोजन समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, आयोजन के संगठन सचिव व जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल एस.डी.एम श्री अतुल विश्वकर्मा, सहायक संचालक श्री आदित्य खरे श्री शिव वर्मा, श्री आलोक श्रोती श्री राजेश यादव एवं विभिन्न विकास खण्ड के शिक्षा अधिकारी प्राचार्यगण जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिको खेलप्रेमियों एवं प्रतिभागियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित समापन समारोह में सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने अपने संबोद्धन में प्रतिभागियों से कहा कि आप सभी ऐसे समय अपना खेल प्रदर्शन कर रहे है जब शक्ति का पर्व चल रहा है और आपने भी पूरी शक्ति लगाकर अपने उत्कृष्ठ खेल का प्रदर्शन किया होगा हमारे प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार भी शिक्षा के साथ ही खेल के प्रति गंभीर है हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी खेल व खिलाडियों के प्रति हमेश सजग रहते है खिलाडियों से चर्चा करते है उनके साथ हमेशा खेलो के विकास के लिए भी सुझाव मांगतें है खिलाडियों का हौसला बढाते है और आज देश खेल क्षेत्र में भी पदक विजेता बनते जा रहा है। समारोह की अध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने अपने संक्षिप्त संबोधन में खिलाडी को थकना रूकना,व झुकना नही चाहिए खिलाडी को हमेशा अनुशासन में रह कर शिक्षा के साथ खेल मे भी हिस्सा लेना चाहिए ताकि उनका उत्साह दुगना हो सके मै भी एक खिलाडी रही हूॅ और आज निरतंर आगे बढ रही हूॅ यह खेल के अनुशासन से ही सीखा है आप भी सभी निरंतर उन्नती करें अच्छी शिक्षा ग्रहण करे अच्छा खेलें। इससे पूर्व आयोजन समिति के संगठन सचिव व डी.ई.ओ. श्री प्रवास कुमार सिंह बघेल ने आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती का पूजन किया गया तपश्चात् अतिथियों का आयोजन समिति की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया इस अवसर पर 5 संभागो के आये प्रतिभागियों ने वाईडनर स्कूल की बालिकाओं द्वारा बैण्ड की धुन पर अकर्षक मार्चपस्ट करते हुए सलामी दी। अंत में अतिथियों का आयोजन समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्रतियोगिता का पुरूस्कार वितरण करते हुए आतिथियों ने बॉस्केटबॉल बालक 17 वर्ष प्रथम दुर्ग द्वितीय रायपुर, तृतीय बिलासपुर इसी वर्ग की बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग द्वितीय रायपुर तृतीय सरगुजा बॉस्केटबॉल बालक 19 वर्ष प्रथम दुर्ग द्वितीय रायपुर, तृतीय बस्तर बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग द्वितीय रायपुर, तृतीय बस्तर, बेसबॉल 17 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम बिलासपुर द्वितीय बस्तर तृतीय दुर्ग बेसबॉल 17 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम बिलासपुर द्वितीय बस्तर तृतीय दुर्ग, हॉकी 19 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम दुर्ग द्वितीय रायपुर तृतीय सरगुजा, , हॉकी 19 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग द्वितीय बिलासपुर तृतीय सरगुजा, वाटर पोलो बालक 19 वर्ष प्रथम बिलासपुर, द्वितीय दुर्ग, तृतीय सरगुजा, तैराकी बालक 14 वर्ष प्रथम बिलासपुर द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग, तैराकी 14 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम बिलासपुर द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग, तैराकी बालक 17 वर्ष प्रथम रायपुर द्वितीय बिलासपुर तृतीय दुर्ग, तैराकी 17 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम बिलासपुर द्वितीय रायपुर, तृतीय दुर्ग, तैराकी बालक 19 वर्ष प्रथम बिलासपुर द्वितीय दुर्ग तृतीय रायपुर, तैराकी 19 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम दुर्ग द्वितीय रायपुर, तृतीय बिलासपुर, शंतरज बालक 14 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर तृतीय सरगुजा, शंतरज बालिका 14 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय बस्तर तृतीय रायपुर, शंतरज बालक 17 वर्ष में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर तृतीय दुर्ग, शंतरज बालिका 17 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय बिलासपुर तृतीय रायपुर, शंतरज बालक 19 वर्ष में प्रथम बिलासपुर, द्वितीय रायपुर तृतीय दुर्ग, शंतरज बालिका 19 वर्ष में प्रथम दुर्ग, द्वितीय रायपुर, तृतीय बिलासपुर , इसके साथ ही मेजबान दुर्ग संभाग को सभी खेलो में पदक प्राप्त करने के चलते ओवर ऑल चैम्पियनशिप का पुरूस्कार भी प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन श्री रणविजय प्रताप सिंह ने व आभार प्रदर्शन श्री देवेन्द्र सिंह ठाकुर प्रभारी जिला क्रीडा अधिकारी ने किया।

# तमनार थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर को केंद्रीय गृह मंत्रालय से मिला दक्षता पदक




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रायगढ़ जिले के तमनार थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दक्षता पदक से सम्मानित किया गया है। हाल ही में पुलिस अधीक्षक ने उन्हें इस प्रतिष्ठित पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित करते हुए उनके निरंतर समर्पण की सराहना की। पुलिस अधीक्षक ने इस मौके पर अन्य अधिकारियों को भी अपने कार्यों में रुचि लेकर उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रेरणा दी।श्री राहटगांवकर ने बताया कि उन्हें यह पुरस्कार राजनांदगांव में पदस्थ रहते हुए एक अंधे कत्ल मामले में आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए मिला। उन्होंने अपनी इस सफलता को पुलिस विभाग और अपने सहकर्मियों को समर्पित किया है। राजनांदगांव में पदस्थ रहते हुए उन्होंने 6 साल की नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को उम्रकैद की सजा दिलाई, जिससे पीड़िता को न्याय मिला। श्री राहटगांवकर की इन उपलब्धियों ने न केवल उनके विभाग का मान बढ़ाया है, बल्कि अन्य पुलिस अधिकारियों के लिए भी एक प्रेरणा का काम किया है। वहीं तमनार थाना प्रभारी रहते हुए श्री राहटगांवकर ने कई महत्वपूर्ण मामलों में सफल कार्यवाही की है। जुलाई 2023 में 7 बाइक चोरों की गिरफ्तारी और सितंबर 2023 में 22 बाइक बरामद कर 2 चोरों को जेल भेजना उनके प्रमुख उपलब्धियों में से है। इसके अलावा, पाली घाट के सेल्फी पॉइंट पर हुए अंधे कत्ल मामले की गुत्थी सुलझाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल अपने परिवार सहित माता बम्लेश्वरी मंदिर पहुचकर आशीर्वाद लिया



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश भाजपा के पूर्व शिक्षा मंत्री संसदीय क्षेत्र रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल अपने परिवार सहित डोंगरगढ़ पहुंचकर माता बम्लेश्वरी उपर मंदिर एवं नीचे मंदिर पहुचकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया एवं छग प्रदेश की खुशहाली की कामना की। डोंगरगढ़ पहुचे भाजपा के कदावर नेता अग्रवाल का ट्रस्ट समिति के पदाधिकारी सहित स्थानीय भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत कर अगुवाई की। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर ने भी माता के दर्षन कर आशीर्वाद लिया। उक्त दर्षन कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, प्रकाष बिंदल, संजीव गोमास्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता हरविंदर सिंग मंगे, विजेन्द्र सिंग ठाकुर, संतुराव अन्ना, प्रिंस कक्कड़, गिरिश साहू, मयंक डोंगरे, केशव नरेडी, अंष नरेडी, दुर्गा राव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।


# नवा बिहान तहत सायबर ठग एवं नशे के विरुद्ध के विरुद्ध जागरूकता अभियान- विरेन्द्र मनहर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बसंतपुर पुलिस चौकी सुरगी के अंतर्गत ग्राम धामनसरा में 5अकटुबर को 19 अकटुबर तक सुरगी चौकी क्षेत्र चलाया जाएगा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार मंशा अनुरूप राजनांदगांव पुलिस द्वारा नवा बिहान के तहत पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देश पर चलाया जा रहा है जन जागरुकता अभियान पुलिस चौकी सुरगी प्रभारी विरेन्द्र मनहर पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव सरपंच लोकेश कुमार गंगवीर उपसरपंच कृत लाल पटेल हवलदार लोकनाथ वर्मा आरक्षक वेद प्रकाश रत्नाकर डोमेन्द देशमुख उर्मिला साहू ने पंचायत में कार्यशाला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा एवं प्राईवेशी को ध्यान में रखते हुए सावधानियां पूर्वक सोशल मीडिया व्यवहार करने जानकारी दी सायबर स्टाकिंग फेंक प्रोफाइल में तत्काल रिपोर्ट करने कहा गया सोशल मीडिया में पर्सनल व सेंसटिव न जानकारी शेयर करने एवं मजबूत पासवर्ड बनाने कहां गया फेंक ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर ठगी सेक्सटार्शन फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर अरेस्ट करने धमकी करने वाले एपीओ लिंक ओपन न करने सलाह दी आनलाईन ठगी होने पर हेल्प लाइन नंबर 1930 नं पर आटलाईन शिकायत दर्ज एवं निकटतम पुलिस चौकी संपर्क कर रिपोर्ट दर्ज करने सुक्षाव दी नारकोटिव ड्रग्स अवैध नशा से होने वाले दुष्परिणाम के संबंध में जागरूक किया गया नशा न केवल शारीरिक मानसिक नुकसान करता है उसके परिवार को पतन के ओर धकेलता है अवैध कार्यों करते रहते हैं जागरूकता पखवाड़ा चलता रहेगा पुलिस विभाग ग्रामीण जन उपस्थित रहा।



# सिद्धिविनायक अंबे धाम में कुंवार नवरात्रि की धूम

## विविध आयोजनों में धर्म लाभ उठाने पहुंच रहे हैं बड़ी संख्या में श्रद्धालु



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के जनता कॉलोनी वार्ड क्रमांक 31 लखोली में सिध्दीविनायक अंबे धाम में आश्विन नवरात्रि पर्व की धूम मची हुई है। यहां समिति द्वारा पहले ही दिन से विविध रचनात्मक कार्यक्रम किया जा रहे हैं। मंदिरसमिति के संरक्षक व वार्ड पार्षद गप्पू सोनकर ने कहा कि प्रथम पूज्य गणेश शिव शक्ति इन तीनों का वास इस मंदिर में हैं। जो भी भक्त इस मंदिर में सच्चे मन से मनोकामना करते हैं। उनकी सारी मनोकामना पूर्ण होती है । इस बार मंदिर को अत्यंत आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जिससे शहर के काफी दूर से लोग मंदिर के सौंदर्य को निहारते हैं। प्रतिदिन सुबह शाम मंत्रोच्चार से नियमित पूजा पाठ की जा रही है। मंत्रोच्चार के साथ आरती भी ब्राह्मण पंडितों द्वारा सामूहिक रूप से भक्तों के साथ की जा रही है। इस अवसर पर जस सेवा मंडलियों द्वारा भक्ति मय प्रस्तुति देर रात तक दी जा रही है। रोज व्रत उपवास रखने वालों के लिए फलाहार का वितरण किया जा रहा है। साथ ही मंदिर समिति के द्वारा सुबह शाम श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद का वितरण किया जाता है। प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार आज उल्लेखनीय है कि नवरात्रि पर्व में पंचमी तिथि का विशेष महत्व होता है। और श्रद्धालु की भीड़ बढ़ती है। इसे ध्यान में रखते हुए मंदिर समिति ने विशेष व्यवस्था की है। पंचमी पर स्थापित प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। साथ ही मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं द्वारा स्थापित सभी 58 मनोकामना ज्योति कलशो का श्रृंगार किया जाएगा। सभी ज्योति कलशो में और कलश चढ़ाई जाएंगे। मंदिर समिति ने क्षेत्र वासियों से और अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे संरक्षक व पार्षद गप्पू सोनकर, सचिव मोहन सिंह राजपूत संरक्षणगण, महेश अग्रवाल, राजेंद्र लड्डा, टी आर ठाकुर, राजेंद्र श्रीरंगे, मोहन सिंग राजपूत, नवीन जैन, दीपक जैन, अलोक श्रीवास्तव, तिलाराम ठाकुर, किशोरी पारख, मन्नू शुक्ला, झनक राजपूत, राकेश सरोदे, निक्कू पाण्डेय, गवरव सोनकर, सोनू सोनकर, उभेलाल सोनकर, हरिश श्रीरंगे, दिनेश साहू, बृजेश श्यामकर और उभेलाल सोनकर, शिव शंकर राठी समिति के पदाधिकारी सदस्य गण सहित समस्त वार्डवासी के लोग उपस्थित हैं।

# थाना डोंगरगांव की रेड कार्यवाही : आरोपी पकड़ाए, अवैध शराब साहित मोटर सायकल जब्त





**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे अवैध शराब , के खिलाफएक अभियान चलाया जा रहा है इनके अलावा गलत कार्य करने वाले के ऊपर लगातार निगरानी रखते हुये 05.अक्टूबर को डोंगरगांव पुलिस ने मुखबीर सूचना के जांच कर रेड कार्यवाही के दौरान आरोपियों के पास से सफेद रंग के तीन बोरीयों मे कुल 390 नग पौवा देशी प्लेन शराब-और दो नग मोटर सायकल पल्सर क्रमांक CG08AV5199 मोटर सायकल पैशन प्रो क्र0 CG08S2823 इनके अलावा , एक नग धारदार चाकु स्टील का बटनदार को जप्त किया गया है पकड़े गए आरोपी में. दीपेश राजपुत पिता स्व0 भागवत सिंह राजपुत ,- वार्ड नं0 08 , करियाटोला , शुभम गजभिये पिता चंद्रमणि गजभियेङ्क वार्ड नं0 09 , सेवतापारा , डोंगरगावं . मयंक सोनटेके पिता मिलिंग सोनटेके , सिनेमा लाईन डोंगरगांव ,, को गिरफ्तार किया गया एवं एक विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से 01 नग धारदार चाकु स्टील की जप्त किया आरोपियों को रिमांड पर पेश किया गया है , एवं विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड मे पेश किया गया है । शराब रेड कार्यवाही मे समस्त थाना स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा है । थाना डोंगरगांव की रेड कार्यवाही मे उपनिरी0 लाभाराम ध्रव ,उपनिरी0 भानुप्रताप यादव कौशल सुधाकर , गुलशन कंवर , राकेश कुमार साहू बिसराम वर्मा ,दीपक जाटवर महत सिंह , राकेश कुमार साहू ,त्रिलोकी सिंह ध्रुव का विशेष भुमिका रही है । थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि आगे भी संदिग्ध एवं संवेदशील मामलो मे कार्यवाही जारी रहेगी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com